Date :- 06-03-2024

Dainik Bhaskar, Page-02, Surat

मेट्रो लाइन-1

सरथाणा से आने वाली ट्रेन के कापोद्रा टनल में एंट्री के लिए रैंप स्ट्रक्चर तैयार

सूरत| मेट्रो लाइन-1 में एलिवेटेड के साथ अंडरग्राउंड मार्ग का काम भी तेजी से चल रहा है। सरथाणा नेचर पार्क से कापोद्रा तक एलिवेटेड रूट है फिर कापोद्रा से चौक बाजार तक 6 किमी अंडरग्राउंड रूट है। कापोद्रा में एलिवेटेड से उतरकर अंडरग्राउंड सेक्शन में जाने के लिए रैंप का स्ट्रक्चरल कार्य लगभग पूरा हो गया है। यानी यहां से ट्रेन टनल में एंट्री करेगी और यहीं से बाहर निकल एलिवेटेड मार्ग पर जाएगी। लाइन-1 लगभग 22 किमी लंबी है, जिसमें ड्रीम सिटी से कादरशाह की नाल-चौक बाजार के बीच 11 किमी एलिवेटेड मार्ग है। उसके बाद चौक बाजार से कापोद्रा के बीच 6 किमी अंडरग्राउंड मार्ग है। फिर कापोद्रा से सरथाणा जू तक 4 किमी एलिवेटेड मार्ग है। इसमें ट्रेनों की टनल में एंट्री और एग्जिट के लिए दो रैंप बन रहे हैं। पहला रैंप कापोद्रा में तैयार हो गया है, जबकि दूसरा चौक बाजार में बन रहा है।